कोमल वगै0 बनाम रामस्वरूप वगै0

मुकदमा संख्या : 15/2016

क्रम संख्या	दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
	17.11.2025	पत्रावली पेश हुई। वकील उभय पक्ष उपस्थित। वकील अप्रार्थीगण ने जवाब पेश नही किया। अतः जवाब बन्द किया जाता है। वकील उभय पक्षों की बहस सुनी गई तथा पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली वास्ते आदेश हेतु दिनांक 18.11.2025 को पेश हों।	
	18.11.2025	पत्रावली पेश हुई। वकील उभय पक्ष उपस्थित। पत्रावली आदेश में विचाराधीन है। पत्रावली का अवलोकन किया गया तथा बहस का मनन किया गया। वकील प्रार्थी ने अपनी बहस में निवेदन किया कि वादांकित भूमि के संबंध में पत्रावली मे जारी अन्तरिम अस्थाई निषेधाज्ञा आदेश 01.02.2016 को मूल वाद के अन्तिम निस्तारण तक कन्फर्म किया जावें। जिससे वादांकित भूमि किसी प्रकार से खुर्द–बुर्द नही हो सकें। वकील अप्रार्थी सं0 1 ता 3 ने अपनी बहस में निवेदन किया कि वादांकित भूमि पर के संबंध में जारी अस्थाई निषेधाज्ञा को आगे बढाये जाने को कोई औचित्य नही है। ताकि कोर्ट में मुकदमों की संख्या नम्बर से कम की जावें। क्योकि प्रकरण चलने योग्य नही है। पत्रावली का अवलोकन करने व बहस का मनन करे पर प्रकरण में जारी अस्थाई निषेधाज्ञा आदेश दिनांक 01.02.2016 को मूल वाद के अन्तिम निस्तारण तक कन्फर्म करना उचित समझते है। अतः पत्रावली में जारी अस्थाई निषेधाज्ञा आदेश दिनांक 01.02.2016 को मूल वाद के अन्तिम निस्तारण तक ताफैसला कन्फर्म किया जाता है। निर्णय आज सरे इजलाश सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद पूति मूल वाद के साथ हमफिता हों।	

Scanned with OKEN Scanner